# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 174 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 16 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## आरोग्य शिविर के मंच से सीएम का विपक्ष पर करारा प्रहार

### भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी पार्टी को बोलने का हक नहीं





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस हॉस्पिटल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय आरोग्य शिविर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार के जननायक रहे हैं, वे सरकार से सवाल करने की नैतिक स्थिति में नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कांग्रेस के पांच साल के शासन से तुलना की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम किया है, जबकि कांग्रेस का शासन भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का पर्याय रहा। कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए सीएम ने कहा कि कुछ लोग केवल बोलते रहते हैं और कुछ के पास कहने को कुछ नहीं होता, इसलिए वे सिर्फ सोशल मीडिया पर ट्वीट तक सीमित रह जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने युवाओं के भविष्य का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में पेपर लीक आम बात थी, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में चला गया। इसके विपरीत भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि युवाओं को पारदर्शी भर्तियां और रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं और आने वाले समय में और भर्तियां होंगी।

बिना नाम लिए पूर्व मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने दो साल में वह कर दिखाया, जो कांग्रेस पांच साल में भी नहीं कर सकी। उन्होंने आरजीएचएस योजना में कांग्रेस शासन के दौरान हुई अनियमितताओं का जिक्र करते हुए कहा कि तब निजी अस्पतालों को खुली लूट की छूट मिली हुई थी। भाजपा सरकार ने ऐसे अस्पतालों और डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की है और आगे भी किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य साफ नीयत, पारदर्शी व्यवस्था और आमजन को वास्तविक लाभ पहुंचाना है, और इसी दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।

## आयुष्मान योजना के नाम पर रिश्वत का खेल उजागर

### भीलवाड़ा में डॉक्टर 11 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में भ्रष्टाचार के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भीलवाड़ा में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी टीम ने निजी अस्पताल के बिल पास कराने के बदले 11 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए डॉक्टर पंकज छीपा को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी सूत्रों के अनुसार भीलवाड़ा के तिलक नगर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालक से डॉक्टर पंकज छीपा ने आयुष्मान योजना के बिल स्वीकृत कराने के बदले पहले 14 लाख रुपए की मांग की थी। मांग पूरी नहीं होने पर अस्पताल को योजना से बाहर करने की धमकी भी दी गई। बाद में सौदेबाजी कर रिश्वत की राशि 11 लाख रुपए तय हुई।

इस संबंध में अस्पताल संचालक ने अजमेर एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत का सत्यापन सही पाए जाने पर एसीबी ने जाल बिछाया और कार्रवाई करते हुए डॉक्टर पंकज छीपा को 11 लाख रुपए लेते समय गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान 9 लाख रुपए डमी जबकि 2 लाख रुपए असली नोट रखे गए थे।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी डॉक्टर पंकज छीपा ने एसीबी को बताया कि ली गई रिश्वत की राशि में उसने 9.50 लाख डॉ. कुलदीप के लिए ली थी। डेढ़ लाख स्वयं के लिए थे। इस खुलासे के बाद एसीबी ने मामले की जांच का दायरा बढ़ा दिया है और पूरे नेटवर्क की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से चार साल की मादा पैंथर गंभीर घायल

### डाबी क्षेत्र में सड़क पार करते समय हुआ हादसा, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



**गर्वित** । नेशनल हाईवे 27 पर सोमवार को डाबी क्षेत्र में सड़क पार कर रही चार साल की मादा पैंथर को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पैंथर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ी।

हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोटा वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घायल पैंथर को बेहोश कर उपचार के लिए कोटा लाया गया। कोटा वन विभाग के डीएफओ अनुराग भटनागर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मादा पैंथर की कमर और पैरों में गंभीर चोटें पाई गई हैं। फिलहाल उसका इलाज कोटा में सीनियर वन्यजीव विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में जारी है।

डीएफओ भटनागर के अनुसार घायल पैंथर की उम्र लगभग चार वर्ष है और वन विभाग की टीम उसकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## डेढ़ साल से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद :**



थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक वर्ष छह माह से फरार तथा 5 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की बीते वर्ष जुलाई को मोड का निम्बाहेड़ा स्थित जीएसएस से 3 से 4 क्विंटल बिजली तार चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में ठेकेदार बालकिशन, निवासी जयसिंहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान आरोपी देवीसिंह रावत पुत्र धन्ना सिंह, निवासी मोगर, बदनोर, फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासों के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। इसके बाद थाना स्तर पर विशेष टीम गठित कर सघन तलाश की गई और आरोपी को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## तेज रफ्तार निजी बस पलटी, दो दर्जन से अधिक यात्री घायल

### भीलवाड़ा-करेड़ा मार्ग पर हुआ बड़ा हादसा





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीलवाड़ा-करेड़ा रोड पर सोमवार को यात्रियों से भरी एक निजी बस के पलटने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। बस में करीब 50 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें से दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए, जबकि तीन यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे के कारणों को लेकर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। एक तरफ बताया जा रहा है कि चालक ओवरटेक के प्रयास में हरिपुरा चौराहे के पास मोड़ पर बस से नियंत्रण खो बैठा। वहीं दूसरी ओर चर्चा है कि प्राइवेट बस एसोसिएशन की पेनल्टी से बचने के लिए बस को तेज गति से दौड़ाया जा रहा था, जिससे दुर्घटना हुई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बस के शीशे तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से बस को सीधा कराकर यातायात बहाल कराया। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।



**भीलवाड़ा फोकस**

**भीलवाड़ा जिले के लाडपुरा में नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर से घसीटकर ले जाई गई मृत गाय,मानवीय संवेदनाओं को आहत करता यह दृश्य, पशु गरिमा और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।**

## रोडवेज बस स्टैंड से तस्कर पति-पत्नी गिरफ्तार, 36 किलो से अफीम डोडा चूरा जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



प्रतीकात्मक इमेज

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना सुभाषनगर एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 36 किलो 330 ग्राम अफीम डोडा चूरा जब्त कर पति-पत्नी तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की 14 दिसंबर को सुभाषनगर थाना पुलिस व डीएसटी टीम रोडवेज बस स्टैंड परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी व आकस्मिक चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक महिला व एक पुरुष ट्रॉली बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में मिले। तलाशी लेने पर कब्जे से 36 किलो 330 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ, जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान

गुरदीप सिंह पुत्र जरनैल सिंह (40), निवासी भगता बाई, भटिंडा तथा

हरजीत कौर पत्नी गुरदीप सिंह (38), निवासी भगता बाई, भटिंडा (पंजाब) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर दंपती पर धारदार हथियार से हमला, दोनों गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

थाना क्षेत्र के सारण का खेड़ा गांव में आपसी रंजिश के चलते आधा दर्जन आरोपियों ने एक घर में घुसकर दंपती पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए माण्डलगढ़ के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित के पिता बाबूलाल पुत्र पन्नालाल कंजर, निवासी सारण का खेड़ा ने बताया कि 13 दिसंबर की दोपहर करीब 3 बजे रमेश कंजर, लीला कंजर, सोना कंजर, भरत कंजर, कोयल कंजर और देवेंद्र कंजर जबरन उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने उसके पुत्र मुकेश कंजर और बहू काली देवी पर कुल्हाड़ी व गिलोल से हमला किया, जबकि आरोपी महिलाओं ने पत्थरबाजी की।

हल्ला मचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में मुकेश और काली देवी को गंभीर चोटें आई हैं और दोनों का उपचार माण्डलगढ़ अस्पताल में जारी है।

माण्डलगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नृसिंह द्वारा मंदिर में अखंड रामचरितमानस व संगीतमय सुंदरकांड पाठ आज से

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

कस्बे के नृसिंह द्वारा मंदिर में नृसिंह द्वारा महंत 1008 साकेतवासी श्री केशवदास जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 16 व 17 दिसंबर 2025 को अखंड रामचरितमानस पाठ एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। केशव भक्त मंडल अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि 16 दिसंबर, मंगलवार को सुबह 8 बजे से रामचरितमानस पाठ प्रारंभ होगा, जबकि रात्रि 8:30 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाएगा।केशव भक्त मंडल सदस्य चंद्रप्रकाश सोनी ने जानकारी दी कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# अग्निवीर में चयन पर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**(जसवंत पारीक)** जालियां ग्राम पंचायत के मोहनपुरा गांव के राजेश कुमार जाट का भारतीय सेना के अग्निवीर में चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल रहा। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले राजेश ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने राजेश का स्वागत कर मिठाइयां बांटी और उसके परिवार को बधाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि राजेश की सफलता गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर गोविंद पारीक, बालूलाल जाट, भेरूलाल जाट, नंदलाल जाट, प्रकाश जाट, दिनेश जाट सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रेड़वास में श्री चारभुजानाथ श्याम का तुलसी संघ विवाह समारोह संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)**



उपखंड क्षेत्र के रेड़वास में स्थित श्री चारभुजानाथ श्याम का तुलसी संघ विवाह समारोह सोमवार को भीलों का झुपड़ा में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया।

आयोजक प्रभुलाल प्रजापत ने बताया कि इस अवसर पर रेड़वास श्याम की भव्य रथ यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रथ यात्रा कस्बे के मुख्य बाजार से बिंदोरी के साथ रवाना होकर रेड़वास से मजरे भीलों का झुपड़ा पहुंची। बराती स्वरूप श्रद्धालुओं के पहुंचने पर जगह-जगह मंगल गीतों, आरती और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया।

विवाह समारोह की सभी रस्में तुलसीजी के साथ विधिवत मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गई। पूरे आयोजन के दौरान कस्बे में धार्मिक उल्लास का वातावरण रहा। तोरण सहित अन्य पारंपरिक रस्मों को देखने के लिए महिला-पुरुषों और बच्चों की बड़ी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर बंशी प्रजापत, प्रभुलाल, रूपालाल सहित आसपास के अनेक गांवों व कस्बों से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**



थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बनास नदी से अवैध रूप से बजरी भरकर ले जाए जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है । यह कार्रवाई नव नियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक मालीराम के नेतृत्व में की गई, जिससे क्षेत्र में बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है । थाना प्रभारी मालीराम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बनास नदी क्षेत्र से अवैध रूप से बजरी का खनन कर परिवहन किया जा रहा है ,सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थल चौराहे के नजदीक नाकाबंदी की इसी दौरान बनास नदी की ओर से आ रहा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की जांच के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से बजरी भरी हुई पाई गई ,पुलिस द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने लाया गया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है ।

# एनएच-48 पर नाकाबंदी के दौरान 20 किलो डोडा चूरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना हमीरगढ़ ने कार्रवाई करते हुए 20 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 15 दिसंबर को हमीरगढ़ पुलिस टीम द्वारा एनएच-48 पर चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर बनास नदी पुलिया के पास नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर से आ रही एक सफेद रंग की ईटियोस कार नाकाबंदी व वर्दीधारी पुलिस को देखकर अचानक वापस मुड़ने का प्रयास करने लगी। संदेह होने पर पुलिस ने तुरंत बैरिकेड लगाकर वाहन को रोका। कार में सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। तलाशी के दौरान कार के बोनट में इंजन के ऊपर रखे दो प्लास्टिक के कट्टों में से पिसा हुआ डोडा चूरा पाउडर बरामद हुआ। वैध लाइसेंस अथवा परमिट नहीं पाए जाने पर अवैध मादक पदार्थ एवं वाहन को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी लतिफ अहमद पुत्र कपूर चंद (42), निवासी पंजलासा, थाना नारायणगढ़, जिला अंबाला (हरियाणा) एवं यामीन मोहम्मद पुत्र शब्बीर अहमद (45), निवासी बरोली, थाना नारायणगढ़, जिला अंबाला (हरियाणा) है ।

# बीगोद नगरपालिका का शहरी समस्या समाधान शिविर आज से 24 दिसंबर तक

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

नगरपालिका बीगोद द्वारा नगर क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 16 से 24 दिसंबर तक शहरी समस्या समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी शाहरुख खान ने बताया कि शिविर में नागरिक उपस्थित होकर अपनी विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करा सकेंगे। शिविर के दौरान सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक उद्यान, सामुदायिक केंद्र व शौचालयों की सफाई, नवीन सीवरेज कनेक्शन व मरम्मत, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था, आवारा पशु पकड़, सड़क मरम्मत, ब्लैक स्पॉट सुधार, टूटे फोरेकलर व क्रॉस की मरम्मत जैसे कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा जन्म मृत्यु व विवाह पंजीकरण, स्ट्रीट वेंडर पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनाओं के आवेदन, घरेलू शौचालय निर्माण, लंबित पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे, नामांतरण, भू-उपयोग परिवर्तन तथा भवन निर्माण स्वीकृति जैसे कार्यों का भी समाधान किया जाएगा।

# राजगढ़-चौहली सड़क पर पेचवर्क बेअसर, डामर दस दिन में उखड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

राजगढ़-चौहली सड़क पर हाल ही में किए गए पेचवर्क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मात्र 10 दिन पहले किया गया डामर कार्य उखड़ने लगा है, जिससे सड़क पर फिर से गड्ढे बन गए हैं। हालत यह है कि आगे मरम्मत होती है और पीछे सड़क टूटती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया सामग्री के उपयोग के कारण वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीण भंवर सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि जिम्मेदार ठेकेदारों पर कार्रवाई कर सड़क का टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए।



# माहेश्वरी वूमेंस एंड स्पोर्ट्स क्लब ने किया सितोलिया महोत्सव का पोस्टर विमोचन

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**




माहेश्वरी वूमेंस एंड स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित होने वाले सितोलिया महोत्सव (उड़ती पतंग, उछलते पत्थर) के पोस्टर का सोमवार को विमोचन किया गया। क्लब की चेयरपर्सन निशा सोनी ने बताया कि यह महोत्सव 14 जनवरी को आयोजित होगा, जिसमें माहेश्वरी समाज की लगभग 20 टीमें भाग लेंगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की संगठन मंत्री ममता मोदानी, प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला अध्यक्ष प्रीति लोहिया, नगर अध्यक्ष सुमन सोनी एवं जिला सचिव भारती बाहेती के सान्निध्य में संपन्न हुआ। डायरेक्टर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन सोनल माहेश्वरी ने बताया कि महोत्सव के तहत पारंपरिक खेल सितोलिया का आयोजन किया जाएगा, वहीं डायरेक्टर ऑफ फाइनेंस कल्पना सोमानी ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए 15 प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस अवसर पर चेतना जागेटिया, सुमित्रा भदादा, अमिता मुंदड़ा, वंदना सोनी, सोनू कोगटा, हिरा जागेटिया, मोना डाड, अंकिता राठी, निशा काकानी, राधा न्याती, उषा पटवारी सहित सभी प्रभारी उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर काछोला में हुआ गौ पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



राजस्थान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में काछोला स्थित श्री द्वारकाधीश सामुदायिक गौशाला में विधिवत गौ पूजन किया गया। कार्यक्रम में गौ संरक्षण व सेवा का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार से तहसीलदार पद पर पदोन्नत कैलाशचंद्र मीणा, पूर्व भाजपा इकाई अध्यक्ष भैरूलाल मंत्री, विधायक प्रतिनिधि संदीप माहेश्वरी, गौशाला व्यवस्थापक प्रदीप सिंह सोलंकी, निवर्तमान उप प्रधान बंटी धाकड़, सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई, डॉ. एन.के. सोनी, जीएसएस अध्यक्ष लादूलाल धाकड़ एवं पशु चिकित्सालय प्रभारी मोहम्मद यूनिस कुरैशी सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## भारतीय किसान संघ सवाईपुर तहसील की बैठक आयोजित यूरिया खाद की कमी को लेकर की चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव ):-** भारतीय किसान संघ सवाईपुर तहसील की मासिक बैठक का आयोजन सोमवार को सवाईपुर खजीना रोड़ पर देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजन हुआ, जिसमें इन दिनों हो रही यूरिया खाद के बारे में चर्चा की । सवाईपुर तहसील की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष कन्हैया लाल कुम्हार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई । सभी सदस्यों ने यूरिया खाद, फसल खराबा मुआवजा, फसल बीमा, गाय दूध का मूल्य बढ़ाने, बिजली ट्रिपिंग के साथ विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की । बैठक में वरिष्ठ सदस्य नंद सिंह व तहसील मंत्री भेरुलाल जाट ने कहा कि सरकार गैस की तरह यूरिया की सब्सिडी सीधी किसानों के खाते में डाले, सरकार फार्मर आईडी व रकबा के अनुसार खाद पोस मशीन से देवें सहकारिता प्रमुख सुशील श्रोत्रिय ने कहा कि खराबा की बाकी राशि सवाईपुर तहसील की ऑनलाइन की समस्या को दूर करवाकर तुरन्त खाते में डलवायें । जिलामंत्री लादुलाल जाट ने कहा कि नई बनी ग्राम पंचायत में संगठन का गठन करना है । प्रचार प्रमुख सांवर वैष्णव ने कहा कि सभी स्थानों पर सरकार ड्रोन की व्यवस्था करें ताकि छिड़काव सही हो । इस दौरान बलदेव जाट ग्राम समिति अध्यक्ष सोपुरा व राकेश जाट ड़साणिया का खेड़ा उपस्थित रहे ।।

## श्मशान घाट के समीप बना अधूरा कचरा केन्द्र और कीचड़ से भरी गलियां, स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** उपखंड क्षेत्र के गोरधा स्थित श्मशान घाट परिसर के समीप निर्मित कचरा संग्रहण केन्द्र पिछले काफी समय से अधूरा पड़ा है। प्रशासनिक लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते यह कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि कचरा संग्रहण केन्द्र अधूरा होने के कारण कचरा डालने की कोई निश्चित व्यवस्था नहीं बन पाई है, नतीजतन पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान नींव भराई सहित कई कार्यों में घटिया सामग्री का खुलेआम उपयोग किया गया। अब तक हुए अल्प कार्य में भी प्रशासन की प्रभावी निगरानी का घोर अभाव नजर आया। यही वजह है कि यह कचरा संग्रहण केन्द्र अब भ्रष्टाचार का प्रतीक बनता जा रहा है। उधर, क्षेत्र की नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से हालात और बदतर हो गए हैं। किडवा झोपड़ा और शोक्या खेड़ा इलाकों में कीचड़ जमा रहने से गलियों और मोहल्लों में गंदगी का आलम है। जलभराव के कारण यहां संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ सकता है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भाजपा की जिला संगठनात्मक एवं परिचय बैठक आयोजित

## राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने के लिए कार्य करें भाजपा कार्यकर्ता - संजय जैन

## भाजपा वह पार्टी जहां प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान और मूल्यांकन होता है - मेवाड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भारतीय जनता पार्टी की जिला संगठनात्मक एवं परिचय बैठक जिला कार्यालय पर जिला प्रभारी संजय जैन (ताऊ) के मुख्य आतिथ्य, सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट के सानिध्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं विधायक लादूलाल पीतलिया, लालाराम बैरवा, उदयलाल भडाना, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित हुई।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में जिला प्रभारी संजय जैन ने जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश को परम वैभव तक ले जाने के लिए कार्य करें। कार्यकर्ता स्वस्थ और स्वच्छ मन से यदि कार्य करेंगे तो परिणाम दुगुना मिलेगा। प्रत्येक कार्यकर्ता की यही सोच रहे कि संगठन बड़ा है व्यक्ति नहीं। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा के कार्यकर्ता तो किसी भी कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में सक्षम है। इन्हीं के दम पर ही भीलवाड़ा चुनावों में कांग्रेस मुक्त हुआ है। जिला सहप्रभारी मिठूलाल जाट ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा है जिसके करोड़ों हाथ वे कार्यकर्ता है जो निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे है। कैसी भी संगठन में अनुशासन स्व अनुशासन से आता है और यही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा वह पार्टी है जहां कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है और समय समय पर उसका यथोचित मूल्यांकन भी किया जाता है। जिला भाजपा भी ऐसे कार्यकर्ताओं के दम पर अनेकों अभियानों में प्रदेश में अव्वल रहा है। उन्होंने इस अवसर पर जिला संगठन की गति प्रगति का रिपोर्ट कार्ड भी जिला प्रभारी को सौंपा।

**राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला बैठक में उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने करतल ध्वनि से धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया और दो वर्षों में हुए ऐतिहासिक जन कल्याणकारी कार्यों के लिए बधाई दी।

**सीएम शर्मा को 130 पदाधिकारियों ने पोस्टकार्ड लिख दी जन्मदिन की बधाई**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर जिला बैठक के दौरान उपस्थित लगभग 130 अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने पोस्टकार्ड पर अपना शुभकामना संदेश लिख बधाई प्रेषित की। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं की भावना मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए सभी पोस्टकार्ड जिला प्रभारी संजय जैन को सौंपे।

**जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का परिचय सत्र आयोजित**

जिला बैठक में परिचय सत्र के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने जिला प्रभारी एवं सहप्रभारी के समक्ष अपना विस्तृत परिचय, कार्यक्षेत्र एवं दायित्व की जानकारी रखी। इसके बाद सेवा सुशासन पखवाड़े के दौरान आयोजित हो रहे कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।

**खुशी को भेंट किया श्रवण यंत्र, राठौड़ और गुर्जर का किया सम्मान**

जिला बैठक के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर सहाड़ा विधानसभा के राजपुरा गांव की रहने वाली बालिका खुशी खारोल को अतिथियों द्वारा श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान उपजिला प्रमुख शंकर गुर्जर का कोटा देहात जिला सह प्रभारी मनोनीत होने और वरिष्ठ नेता उम्मेदसिंह राठौड़ के जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सम्मान किया गया। जिला बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। अंत में आभार जिला महामंत्री अविनाश जीनगर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलेभर से अपेक्षित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को एफएसटीपी के फायदों की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के तहत रामपुरा मोहल्ला में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने महिलाओं को बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल-जल को एकत्र कर जहाजपुर रोड पर निर्माणाधीन एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) में ले जाया जाएगा। वहां इसका वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर खाद बनाई जाएगी, जिसका उपयोग खेती में किया जाएगा। इससे गंदगी से मुक्ति मिलेगी, वातावरण स्वच्छ रहेगा और साफ-सफाई की स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने महिलाओं से स्वच्छता का पूरा ध्यान रखने, घर व आसपास सफाई बनाए रखने की अपील की, ताकि मच्छर-मक्खी न पनपें और डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके। इससे मौसमी बीमारियों पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

कार्यक्रम में नगर पालिका के अभियंता प्रहलाद गुलपारिया ने 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' का संदेश देते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी और महिलाओं से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# पीएम श्री विद्यालय बाकरा के 94 विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



पीएम श्री विद्यालय बाकरा के 94 विद्यार्थियों को सोमवार को दो बसों से शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना किया गया। उप सरपंच सत्यनारायण शर्मा ने बसों को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य सोजीराम मीना ने बताया कि ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के तहत 35 विद्यार्थियों ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सीतापुरा (बूंदी) का भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों, आवास, भोजन, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय व खेल सुविधाओं का अवलोकन किया। वहीं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत 59 विद्यार्थियों ने IIIT कोटा का दौरा कर उच्च तकनीकी शिक्षा व आधुनिक प्रयोगशालाओं की जानकारी ली, जिससे विज्ञान-तकनीक के प्रति उनकी रुचि बढ़ी। इस अवसर पर सांवरिया सालवी, दीपक पाराशर, किशनसिंह रावणा राजपूत, रामनारायण मीना, प्रकाश सालवी, रिशित महावर, बहादुर कुमावत, मुकेश प्रजापत, भजनलाल शर्मा सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# बाकरा भील बस्ती में 12 माह से नल का पानी नहीं, 40 परिवार बूंद-बूंद को तरसे

## पीएचईडी की लापरवाही आई सामने, ग्रामीणों में भारी नाराजगी

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



क्षेत्र के बाकरा गांव की भील बस्ती में पिछले 12 महीनों से नल का पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे करीब 40 से अधिक घरेलू कनेक्शन वाले परिवार गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। भीषण गर्मी हो या सर्दी, ग्रामीणों को आज भी पानी के लिए दूर-दराज़ भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पीएचईडी विभाग को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर ग्रामीणों ने 8 नवंबर को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर बाकरा में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था, बावजूद इसके आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। एक ओर जहां सरकार दो साल पूरे होने पर जश्न मना रही है, वहीं दूसरी ओर आमजन को मूलभूत सुविधा जैसे पीने के पानी से वंचित रहना पड़ रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पीएचईडी के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि भील बस्ती के लोगों को इस लंबे संकट से राहत मिल सके

# भाजपा ने गौसेवा व आतिशबाजी के साथ मनाया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का 59वां जन्मदिवस भाजपा जिला संगठन द्वारा जिला प्रभारी संजय जैन (ताऊ) के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में गौसेवा व भव्य आतिशबाजी के साथ मनाया गया।



जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि हरनी महादेव रोड स्थित काइन हाउस में गोमाता की पूजा, चुनरी अर्पण कर लापसी व चारा खिलाया गया। जिला प्रभारी संजय जैन ने मुख्यमंत्री को कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय पर आतिशबाजी कर जन्मदिन की बधाई दी गई।

इस अवसर पर प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाइच, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, अभिश्रुता सोलंकी, शशांक बिड़ला, अनिल सिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह, ऋतुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, शंकर जाट, हरीश सालवी, मुकेश चेचाणी, महेंद्र नायक, आकाश मालावत, मुकेश शर्मा देबू, केसर सिंह चौधरी, यशोवर्धन सेन, अशोक अजमेरा, रेखा अजमेरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंगोत्री धाम में आसींद मित्र परिवार का स्नेह मिलन हुआ आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

गंगोत्री धाम, लाछुड़ा में आसींद मित्र परिवार का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वर्ष 1994 बैच के आसींद स्कूल के सहपाठी अपने परिवारों के साथ एकत्रित हुए।



समारोह के आयोजन में ग्राम पंचायत लाछुड़ा की सरपंच सुमनलता मेवाड़ा एवं ताराचंद मेवाड़ा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष शक्ति सिंह कालियास, उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेश सोनी, ब्रांडेड फैक्ट्री भीलवाड़ा के बसंत गांधी, दुबई से मुकेश टेलर तथा सूरत से अंकुर लोढ़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।


इसके अलावा डॉ. मनीष शर्मा, रघुवीर सिंह, ज्ञान सिंधी, अनिल बाफना, महावीर रांका सहित अनेक महिलाएं, पुरुष, बालिकाएं व बच्चे समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन रोहित गोधा एवं पुखराज सोनी ने किया। सहपाठियों ने ग्राम पंचायत लाछुड़ा द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए गंगोत्री धाम की शांति, स्वच्छता और बेहतर व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

# श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ, कलश यात्रा से गूंजा नगर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**(मूलचन्द पेसवानी)**

विदुषी शिक्षाविद् स्वर्गीय अनुराग बाला पाराशर की पुण्य स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। परशुराम स्मारक से मालिनी वाटिका तक महिलाओं द्वारा निकाली गई मंगल कलश यात्रा बैंड-बाजों, भजन-कीर्तन और जयघोषों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी।



आयोजक सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार पाराशर ने बताया कि 15 से 21 दिसंबर तक आसींद रोड स्थित मालिनी वाटिका में प्रतिदिन दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक कथा का आयोजन होगा। कथा वाचन मथुरा के सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित अरुणाचार्य महाराज द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिन पंडित अरुणाचार्य महाराज ने भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवन को सार्थक बनाने का माध्यम बताया। समारोह में तेजपाल उपाध्याय एवं परमेश्वर कुमावत ने स्व. अनुराग बाला पाराशर के साहित्यिक योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर प्रेमदेवी पाराशर, विपिन सनाढ्य, राजेंद्र बोहरा, जयदेव जोशी, महावीर प्रसाद दीक्षित, धर्मवीर चौधरी, देवेंद्र सिंह बूलियां, बालकृष्ण बीरां, बंशीलाल छीपा, सत्यव्रत वैष्णव, अंकुर ओझा, सुशील गौड़, अशोक सनाढ्य, पं. राकेश भट्ट, तारा चाष्टा, अनिता शर्मा, ऋतु पाराशर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मॉडल स्कूल आसींद बना मैथमेटिक्स ओलंपियाड चैंपियन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल आसींद में आयोजित क्लस्टर 6 मैथमेटिक्स ओलंपियाड में जिले के 10 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल आसींद ने जूनियर व सीनियर दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।



प्रधानाचार्य डॉ. तुलसीराम कुमावत ने बताया कि जूनियर वर्ग में शाहपुरा व कोटड़ी द्वितीय तथा सहाड़ा तृतीय स्थान पर रहा, जबकि सीनियर वर्ग में कोटड़ी द्वितीय और शाहपुरा तृतीय स्थान पर रहे। प्रदर्शनी में महावीर कुमावत का वर्किंग रोबोट जार्विस तथा प्रज्ञा-इशिका का मैथ्स पार्किंग आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. कल्पना शर्मा रहीं। आयोजन में देवीलाल तेली, लोकेश चंद्र शर्मा, ईश्वर मीणा, नवरत्न मल बैरवा, मनीष गर्ग, राजेंद्र सिंह राणावत, महावीर भट्ट, शिवदर्शन खींची, विजय व्यास, भरत धाभाई, गिरधारी लाल कुमावत सहित शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।

# चारागाह व सरकारी भूमि पर अवैध खनन का आरोप, अतिक्रमण हटाने की मांग

## भूमाफियाओं पर धमकी देने और विस्फोट से जनजीवन को खतरे में डालने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

ग्राम आटी (चम्पापुर) से सटी चारागाह एवं सरकारी बिलानाम भूमि पर अवैध खनन और अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने और अवैध खनन बंद कराने का आग्रह किया गया है।



बिजोलिया : ज्ञापन देते ग्रामीण

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ रसूखदार व्यक्तियों व भूमाफियाओं की मिलीभगत से चारागाह एवं सरकारी बिलानाम भूमि पर अवैध पत्थर खनन किया जा रहा है, जिससे भूमि का मूल स्वरूप नष्ट हो रहा है। अवैध खदानों के कारण जंगली जानवरों और मवेशियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है तथा कई मवेशी हादसों का शिकार होकर मर चुके हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि खनन के दौरान किए जा रहे विस्फोटों से आसपास के गांवों और स्कूलों की इमारतों को नुकसान का खतरा है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। साथ ही विस्फोटों और धूल के कारण क्षेत्र में सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी फैलने की आशंका भी जताई गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन रोकने की कोशिश करने पर उन्हें धमकियां दी जाती हैं और प्रशासन व सरकार से सांठगांठ का दावा किया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में कई बार प्रशासन को शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे भूमाफियाओं के हौसले और बढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने अवैध खनन में लिप्त रसूखदारों व भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## QUICK BITES

# जरूरतमंदों को वितरित किए स्वेटर

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** पाडलिया के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को भामाशाह सहयोग से विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। वितरण कार्यक्रम विद्युत विभाग में पदस्थ सुभाष कुमार मीणा की ओर से किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के विकास हेतु 2100 रुपये की नकद सहयोग राशि भी भेंट की गई। कार्यक्रम में लीलाराम मीणा, हीमांशु गुप्ता , प्रताप सिंह, मायाराम, मुकेश कुमार गुर्जर, प्रताप सिंह मीणा, मीना मीणा, आकांक्षा शर्मा, पूजा महावर, रिया खंडेलवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सवाईपुर क्षेत्र में छाया घना कोहरा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर सहित बड़ला, बनकाखेड़ा, ढ़ेलाणा, सोपुरा, सालरिया ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार अलसुबह घना कोहरा छाया, सीजन में पहली बार घना कोहरा छाया, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ । कुछ देर तक कोहरे में विजिबिलिटी कम होने के कारण हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही, सुबह छोटे बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल जाते नजर आए, कोहरे के चलते वाहन चालकों को हैंड लाइट का प्रयोग करना पड़ा, वही ग्रामीण अलाव जलाकर सर्दी से बचने हुए दिखे ।

# यूरिया संकट से जूझता सावर का किसान, तालेबंद सहकारी समितियां बनीं परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**



**(दिलखुश)।** सावर उपखंड में रबी फसलों के लिए जरूरी यूरिया खाद पिछले कई महीनों से नहीं मिल पा रही है। हालात यह हैं कि ग्राम सेवा सहकारी समितियां और पीएम किसान समृद्धि केंद्र तालेबंद पड़े हैं, जिससे किसानों को निराश लौटना पड़ रहा है। सोमवार को गिरवरपुरा सहित कई समितियों पर ताले लटके मिले। वार्ड पंच मनोज मीणा ने बताया कि न तो कोई सूचना लगी थी और न ही कोई जिम्मेदार मौजूद था। सहायक कृषि अधिकारी नसीर बेग के अनुसार अधिकांश समितियों के पास यूरिया विक्रय का वैध लाइसेंस नहीं होने के कारण आपूर्ति रोकी गई है। सरकारी केंद्रों से यूरिया न मिलने पर निजी विक्रेताओं द्वारा अधिक दाम वसूलने के आरोप लग रहे हैं, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि समितियों को तुरंत लाइसेंस जारी कर वैकल्पिक व्यवस्था से यूरिया उपलब्ध कराया जाए और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई हो।

# सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर गौमाता की पूजन कर लापसी खिलाई

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** भाजपा कोटडी मंडल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार के ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज सोमवार को देवनारायण गौशाला कोटडी में गौ माता की पूजन कर लापसी का भोग लगाया । विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया गया । कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, पूर्व प्रधान कोटड़ी करण सिंह बेलवा, तहसीलदार श्रीलाल, पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरली काबरा, कोटड़ी थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा, धर्मीचंद जीनगर, भंवर लाल, संपत माली, राघव आचार्य सहित अन्य कार्यकर्ता एवं गो भक्त आदि कई मौजूद रहे ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।